राष्ट्रीय खेल 2023 : उत्तराखंड की झोली में अब तक 17 पदक

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2023 को गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। इससे उत्तराखंड के पदकों की कुल संख्या 17 हो गई है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड के स्नेहा चौहान ने जूडो 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। आर्चरी में डोईवाला देहरादून के कार्तिक राणा ने रजत पदक और जूडो के 78 किलोग्राम वर्ग में उत्तरकाशी की स्नेहा तड़ियाल ने कांस्य पदक जीता।
- 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड पदक तालिका में तीन स्वर्ण और तीन रजत पदक सहित 17 पदक लेकर 23वें स्थान पर है।
- वहीं उत्तराखंड के पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश को अब तक केवल छह पदक मिले हैं, जिसमें दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक हैं। हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में 27वें नंबर पर है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-games-2023-uttarakhand-has-17-medals-so-far